54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.4°c अधिकतम 35.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:19, सूर्यास्त - 7:15 | वर्ष : 54/ अंक : 153 | बृहस्पतिवार, 04 जून 2026 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

अमृतवाणी

कुछ सच्चाइयाँ इतनी दर्दनाक होती हैं कि उनको स्वीकार करना बहुत तकलीफदेह होता है।

भाजपा ने यूपी को बदनामी के सिवा कुछ नहीं दिया: अखिलेश यादव

ये आपके विचार में अच्छा विचार है.. जनता की राय के बिना कैसा विचार है?..

आग के ढेर पर बैठा है शहर, सुलगा तो पानी भी नहीं मिलेगा

▸ अग्निशमन विभाग के पास संसाधनों का टोटा, शहर में हाईड्रेड निगल गई पालिका की सड़कें ▸ भगत सिंह रोड व झांसी रानी के पास घने और संकरे बाजारों में सबसे अधिक खराब स्थिति

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। दिल्ली में हुए भीषण अग्नि कांड के साथ मुजफ्फरनगर की आग से बचाव की स्थिति को लेकर भी तमाम सवालिया निशान खड़े हुए हैं। मौजूदा हालात को देखें तो किसी भी आकस्मिक स्थिति को लेकर शहर आग के ढेर पर बैठा है। इसके अलावा संसाधनों की कमी से विभाग जूा रहा है। किसी आकस्मिक स्थिति में फायर ब्रिगेड को पानी देने के लिए शहर में बनाए पचास से अधिक हाईड्रेंड जमींदोज हो चुके हैं। कई बार कहे जाने के बावजूद पालिका इसे लेकर कुछ नहीं कर रह रही है।

मुजफ्फरनगर में अग्निशमन व्यवस्था लचर है। शहर के बीच झांसी रानी के पास मुख्य फायर स्टेशन मौजूद है। हालत यह है कि इस फायर स्टेशन के पास तीन बड़ी गाड़ियां और एक छोटी गाड़ी है। इसके अलावा जानसठ व बुढ़ाना में एक-एक गाड़ी उपलब्ध है। पूरे जिले को संभालने के लिए दमकल विभाग के पास मात्र करीब सत्तर लोगों को स्टाफ है। इसमें अधिकारी भी शामिल हैं। गर्मी के मौसम में आग की स्थिति को देखते हुए खतौली में एक छोटी गाड़ी की व्यवस्था की गई है जो तीस जून तक रहेगी। दमकल विभाग का दावा है कि जिले के सभी संवेदनशील संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के समुचित उपाय उपलब्ध हैं। इसके लिए विभाग लगातार निरीक्षण के साथ अग्नि सुरक्षा के उपायों के लिए प्रेरित भी करता रहा है।

ऐसे में नर्सिंग होम्स, रेस्टोरेंटस, होटल जैसे संस्थानों के पास तो ऐसे उपाय है, लेकिन अधिकांश वाणिज्यिक संस्थान ऐसे हैं, जो आज भी अग्नि शमन व्यवस्था को लेकर लापरवाह हैं। इसके अलावा दमकल के उपकरण कई संस्थानों पर वर्षो से पड़े हैं और कभी इस बात का परीक्षण नहीं हो पाता कि समय आने पर यह उपकरण काम कर भी पाएंगे या नहीं। सबसे अधिक खतरा शहर के उन बाजारों का है जो घनी आबादी के बीच हैं और वहां अग्नि सुरक्षा के उपाय लगभग नहीं के बराबर हैं। शहर का सबसे घना वाणिज्यिक हिस्सा भगत सिंह रोड, इसके आसपास दाल मंडी, आलू मंडी, लंबा बाजार, सर्राफा बाजार, गुदड़ी बाजार, एसडी कॉलेज मार्केट, नरजीत मार्केट, और झांसी रानी के पास के तमाम कपड़ा मार्केट, मोती महल, चंद्रा सिनेमा के पास, अंसारी रोड आदि के इलाकों में है। इसमें कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां गलियां इतनी संकरी हैं, जहां दमकल की गाड़ियों का पहुंचना आसानी से संभव नहीं है। इनमें सैंकड़ों की तादाद में दुकाने हैं और तमाम ऐसी दुकाने हैं जहां अग्नि सुरक्षा के कोई उपाय नहीं है। संकरे रास्ते होने के कारण वहां गाड़ियों का भी पहुंचना सहज संभव नहीं है। ऐसे में समाा जा सकता है कि भगवान ना करे कोई अनहोनी हो तो पूरा बाजार इसकी चपेट में आ सकता है। ऐसे इलाकों में होने वाली आग की घटनाओं में पहले भी तमाम समस्याएं दमकल विभाग ेल चुका है।

सहावली व सठेडी में बनेंगे फायर स्टेशन

मुजफ्फरनगर। शहर के बीच घनी आबादी में फायर स्टेशन होने के कारण कई बार आकस्मिक स्थिति में गाड़ियां जाम की शिकार हो जाती हैं। ऐसे में बाहरी इलाके में फायर स्टेशन बनाने की मांग उद्योग बंधु की बैठक में की गई थी। अग्नि शमन अधिकारी बताते हैं कि शहर में सहावली में इसके लिए भूमि उपलब्ध होने के बाद वहां फायर स्टेशन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है। हालांकि इस पर निर्माण कार्य के लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा खतौली में सठेडी में स्थान का चयन कर वहां फायर स्टेशन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है और इसकी स्वीकृति की प्रतीक्षा है।

बोले अग्नि शमन अधिकारी

"अग्नि शमन अधिकारी आरके यादव का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के साथ विभाग के कर्मचारी किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इसके बावजूद स्टाफ की कमी तो है। हाईड्रेंड के बारे में उनका कहना है कि शहर में इसकी स्थिति खराब है। अधिकांश हाइड्रेंड गायब हैं। इसे लेकर पालिका को लिखा गया है। विभाग लगतार संस्थानों का निरीक्षण कर उन्हें अग्नि शमन के उपायों के लिए प्रेरित करता है। इसके लिए जागरूकता की आवश्यकता है।"

हाइड्रेंड गायब, पानी का संकट है बड़ा

मुजफ्फरनगर। शहर की आबादी जब काफी कम थी और यहां बाजारों में भीड़ आज के मुकाबले दस प्रतिशत ही रहती थी, तब जो व्यवस्था की गई थी, उसमें सुधार तो दूर बिगाड़ ही आया है। दमकल गाड़ियों को आकस्मिक स्थिति में पानी उपलब्ध कराने के लिए शहर में पचास से अधिक स्थानों पर

हाईड्रेंड बनाए गए थे। इनकी उपयोगिता ही यह थी कि आग लगने की स्थिति में पानी की जरूरत पड़े तो इनसे पानी लिया जा सके। इसके बाद सड़कें बनी रहीं और टूटती रहीं। इस प्रक्रिया के दौरान ये हाइड्रेंड पूरी तरह से गायब हो गए। आज शायद ही कोई हाईड्रेंड हो जो सक्रिय हो। ऐसे में अक्सर देखा गया है कि आग लगने की स्थिति में तत्काल पानी की जरूरत हो तो दमकल गाडियों को आसपास संसाधन ढूंढने पड़ते हैं या फिर नाले नालियों के पानी का इस्तेमाल करना पड़ता है।

रॉकी हत्याकांड: सौतेला बेटा मुठभेड़ में गिरफ्तार

▸ स्कॉर्पियो में मौजूद महिला मुठभेड़ के बाद हो गई फरार ▸ सनसनीखेज हत्याकांड में भोपा में दबाया गया था शव

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। सिखेड़ा इलाके के चर्चित विकसित उर्फ रॉकी हत्याकांड में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक और हत्यारोपी उसके सौतेले बेटे को मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ गाड़ी में मौजूद एक महिला पुलिस को चकमा देकर फरार हो गई। मृतक की पत्नी व पुत्र वधु समेत बाकी आरोपी अभी फरार हैं।

थाना सिखेड़ा इलाकें के ग्राम बेहडा आस्सा निवासी मगन सिंह के भाई विकसित उर्फ रॉकी की सनसनीखेज हत्या ने पूरे जिले को दहला दिया था। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हत्याभियुक्त मोन्टी उर्फ अभि त्यागी को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण किया था। थाना सिखेड़ा पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम को आज सूचना मिली थी कि मुख्य अभियुक्त एक स्कॉर्पियो गाड़ी में भोपा की तरफ से आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गयी । इस दौरान जौली की तरफ से एक गाड़ी आती दिखाई दी। रुकने का इशारा करने पर कार सवारों द्वारा पुलिस को देखकर गाड़ी असद नगर-भण्डूर मार्ग पर मोड़ दी। पुलिस टीम द्वारा उक्त गाड़ी का पीछा किया गया तो अचानक तीव्र मोड़ आ जाने के कारण उक्त गाड़ी कच्चे रास्ते से लीची के बाग में उतर गयी। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी की घेराबंदी की गयी तो गाड़ी में सवार एक पुरुष व एक महिला गाड़ी से उतर कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर जंगल में भागने लगे। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की गयी। इसमें एक बदमाश बादल पुत्र विजेन्द्र घायल हो गया तथा उसके साथ मौजूद महिला मौके से फरार हो गयी । घायल अभियुक्त बादल को मौके से गिरफ्तार किया गया है तथा फरार महिला की गिरफ्तारी हेतु कॉम्बिंग की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी , एक तमंचा व जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त बादल उपरोक्त द्वारा अपने सौतेले पिता विकसित की हत्या कर शव को थानाक्षेत्र भोपा के ग्राम कादीपुर में खेत में दबाने की घटना स्वीकार की गयी है।

मुजफ्फरनगर में तैनात होमगार्ड ने भोपा गंगनहर में लगाई छंलाग

भोपा, 3 जून (बु.)। मुजफ्फरनगर में ट्रैफिक पुलिस में तैनात होमगार्ड ने बुधवार को प्रसिद्ध सुसाइड प्वाइंट भोपा पुल से गंगनहर में छलांग लगा दी। होमगार्ड को नहर में कूदते देख मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी, जिसके बाद भोपा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी की। मौके पर पहुंचे सीओ भोपा के निर्देश पर सोमवार को बेलड़ा पुल से नहर में कूदे किशोर अलीशान की तलाश कर रही पीएसी की टीम ने भी होमगार्ड की तलाश की, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिल सकी। घटना से होमगार्ड के परिवार में हड़-कंप मचा हुआ है। मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा निवासी 58 वर्षीय आनंद कुमार होमगार्ड के पद पर तैनात है और फिलहाल ट्रैफिक पुलिस के साथ मुजफ्फरनगर में ड्यूटी कर रहे थे। बुधवार की दोपहर आनंद कुमार अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुसाइड प्वाइंट के रूप में विख्यात भोपा पुल पर पहुंचे और मोटरसाइकिल खड़ी कर मोबाइल तथा पर्स को पुल की दीवार पर रखकर गंगनहर में छलांग दी। होमगार्ड को गंग नहर में छलांग लगाता देख राहगीरों ने शोर मचा दिया जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। सूचना पर सीओ देवव्रत वाजपेयी ओर थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। होमगार्ड द्वारा छोड़े गए मोबाइल व पर्स में मिले कागजात से आनन्द की पहचान हुई, जिसके बाद परिजनों को घटना की सूचना दी गयी, जिसके बाद सीओ भोपा के निर्देश पर सोमवार को गंगनहर में डूबे अलीशान के शव की तलाश में जुटी पीएसी की टीम ने भी गंग नहर में डूबे होमगार्ड आनन्द की तलाश शुरू की लेकिन होमगार्ड का कोई पता नहीं चल सका। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मानसिक अवसाद के चलते आनंद कुमार के गंग नहर में कूदने की आशंका जताई है। आनन्द के गंगनहर में कूदने के बाद पत्नी कविता देवी, पुत्र राहुल कुमार और सोनू का रो-रोकर बुरा हाल है।

दिल्ली में 6 मंजिला होटल में आग, 21 की मौत

नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)। दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 17 विदेशी नागरिक हैं। जो बांग्लादेश और अफ्रीकी देशों के हैं। दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई। चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष मलिक ने कहा, फायर टीम ने यहां से 37 लोगों को बाहर निकाला। बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी। होटल में 25 कमरे हैं। वहीं, हादसे के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे। बेसमेंट से भी 6 से ज्यादा लोगों को निकाला गया। 40 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। कई लोगों की हालत गंभीर है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। पिछले 6 महीनों में दिल्ली में आग की अलग-अलग घटनाओं में 66 लोगों की मौत हो चुकी है। होटल मालिक लवकेश बजाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आग से बचने पांचवीं मंजिल से कूदे लोग

नई दिल्ली। दिल्ली के मालवीय नगर में स्थित फ्लरिश स्टे होटल में नीचे बेसमेंट में बने रेस्टोरेंट में लगी थी। इसके बाद आग ने पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया। कई लोग जान बचाने के लिए होटल की खिड़की से कूद गए। एक मां ने बेटे को सीने से चिपकाए तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। एंबुलेंस लेट हुई तो घायलों को कंधे पर उठाकर दौड़े लोग। हादसे के कई भयावह मंजर कैमरे में भी कैद हुए हैं।



बेसमेंट में कमरे और किचन, ना वेंटिलेशन, ना इमरजेंसी एग्जिट

जिस होटल में आग लगी, उसका मालिक पास में ही चला रहा ऐसे 2 होटल

नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)। दिल्ली के जिस फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हुई, उसका मालिक पास में ऐसे ही दो और होटल चला रहा है। लोकेश बजाज के इन दोनों होटलों में बेसमेंट के अंदर ही किचन और कमरे हैं। इनमें इमरजेंसी एग्जिट भी नहीं है। फ्लरिश स्टे होटल दिल्ली के मालवीय नगर में है। इस इलाके में 400 से 500 मीटर के दायरे में 8 से 10 होटल हैं। इनमें से तीन होटल फ्लरिश स्टे, फ्लरिश इन गेस्ट हाउस और ग्रीन रेजीडेंसी, लोकेश बजाज एक पार्टनर के साथ मिलकर चला रहा है। तीनों होटल 100 मीटर के दायरे में हैं। फ्लरिश इन गेस्ट हाउस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर है। इसमें बेसमेंट के अंदर 5 कमरे और किचन है। यहां कोई फायर एक्सटिंग्विशर नहीं मिला और ना ही वेंटिलेशन का इंतजाम है।

मकान मालिक 10 लाख रुपए महीने कमाता था

नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)। दिल्ली के साकेत में 30 मई को हुए बिल्डिंग हादसे में नया खुलासा हुआ है। गिरफ्तार बिल्डिंग मालिक करमवीर ने पुलिस को बताया कि वह बिल्डिंग की चार मंजिलों से हर महीने करीब 10 लाख रुपये कमा रहा था। हर मंजिल करीब 2.5 लाख रुपये प्रति माह के किराए पर दी गई थी। जांच में पता चला है कि बिल्डिंग गिरने के समय दो और मंजिलों का निर्माण चल रहा था। सूत्रों ने बताया कि करमवीर ने नए फ्लोर के बारे में खरीदारों और निवेशकों से पहले ही बात कर ली थी। जिनसे उसे हर महीने 5 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई होने की उम्मीद थी। हालांकि नए फ्लोर बनने से पहले ही 30 मई को चार मंजिला इमारत ढह गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने 71 साल के मकान मालिक करमवीर को अरेस्ट किया। मलबा हटाने के काम के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से कई बिजली के मीटर जब्त किए। जो करमवीर के नाम पर रजिस्टर्ड थे। इन्हें सबूत के तौर पर रखा गया है। अधिकारियों का मानना है कि ये मीटर मकान मालिक के खिलाफ अहम सबूत साबित होंगे। पुलिस ने उन किराएदारों और रहने वालों से भी संपर्क करना शुरू कर दिया है। जिन्होंने बिल्डिंग में फ्लैट किराए पर लिए थे। कई लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, क्योंकि जांचकर्ता यह जानकारी जुटाना चाहते हैं कि निर्माण कब शुरू हुआ था, बिल्डिंग में कितने लोग रह रहे थे और क्या बिल्डिंग गिरने से पहले रहने वालों ने उसमें किसी तरह की कमजोरी के बारे में शिकायत की थी।

विवेक और उनका परिवार हुआ खत्म! परिवार के आठ लोगों की मौत

दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)। मालवीय नगर के हौजरानी स्थित लेमन ग्रीन रेस्तरां में बुधवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो चुकी है। इस भीषण आग में गुरुग्राम के सेक्टर 46 निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) 45 वर्षीय विवेक अग्रवाल और उनके परिवार के आठ सदस्यों की भी मौत हो गई है। उनका परिवार एक गेस्ट हाउस में रुका हुआ था, खाने के लिए वह लेमन ग्रीन रेस्तरां गए हुए थे। विवेक अपने पिता की देखरेख के लिए पत्नी और दो बेटियों के साथ दिल्ली आए थे, जो मैक्स साकेत अस्पताल में भर्ती हैं। विवेक के ससुर प्रेम बंसल ने इस घटना की जानकारी दी। प्रेम बंसल के अनुसार, विवेक की बड़ी बेटी जीविशा की भी इस हादसे में जान चली गई। जीविशा बंगलूरू से दिल्ली आई थी और वह इंजीनियरिंग की छात्रा थी। गुरुवार को उसका एक पेपर भी था। उन्होंने बताया कि परिवार के 20-30 लोग गेस्ट हाउस में रुके थे। हादसे में विवेक की मां, मौसा-मौसी और मामा ने भी अपनी जान गंवाई है। मामा राजस्थान के किशनगढ़ में पत्थरों का कारोबार करते थे। विवेक की पत्नी और छोटी बेटी के बारे में अभी तक परिजनों को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना वाले दिन सुबह ही उनके मौसा और मौसी भी उनसे मिलने आए थे। विवेक के ससुर प्रेम बंसल के मुताबिक, इस हादसे में विवेक अग्रवाल के परिवार के कुल आठ लोगों की मौत हुई है। मृतकों में विवेक, उनकी बड़ी बेटी जीविशा, विवेक की मां, मौसा-मौसी और मामा शामिल हैं। मामा का राजस्थान के किशनगढ़ में पत्थरों का कारोबार था। परिजनों को विवेक की पत्नी और छोटी बेटी की स्थिति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

एमडीए ने 2 व्यावसायिक व 1 आवासीय भवन किया सील

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर के विकास क्षेत्र, मुजफ्फरनगर के जोन-1 एवं जोन-2 में उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणता एश्वर्या के आदेश पर कार्रवाई करते हुए दो व्यावसायिक व एक आवासीय भवन को सील कर दिया। एमडीए सूत्रों ने बताया कि जोन-1 में प्रवीण कुमार द्वारा एटूजेड रोड पर जन औषधि केन्द्र के सामने बिना प्राधिकरण से मानचित्र

एटूजेड रोड और कोर्ट रोड पर प्राधिकरण ने की कार्रवाई

स्वीकृत कराये दो व्यावसायिक दुकानों का अवैध रूप से निर्माण किये जाने के कारण इन्हें सील कर दिया गया। इसके अलावा जोन-2 में राजेश कुमार जैन द्वारा कोर्ट रोड पर न्यू नन्दी स्वीट्स के बराबर में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत एक व्यावसायिक भवन के निर्माण किये जाने एवं रमन अग्रवाल द्वारा कम्बल वाला बाग फ्लाईओवर के नीचे आवासीय भवन का बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध रूप से निर्माण किये जाने के कारण सील करने की कार्यवाही की गयी। उक्त अवैध निर्माण के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त पूर्व में सील के आदेश निर्गत किये गये थे। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र, मुजफ्फरनगर के जोन-1 एवं जोन-2 में उक्त 03 स्थलों (02 व्यावसायिक एवं 01 आवासीय भवन) के विरुद्ध सील की कार्यवाही की गई है।

शामली में नौ बीघा भूमि पर विकसित कॉलोनी सील, एक कॉलोनी ध्वस्त

इसके अलावा विकास क्षेत्र शामली में लगभग 9 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है तथा एक स्थल पर आवासीय कालोनी के विरूद्ध सील की कार्यवाही की गयी।अवैध निर्माणकर्ता पंकज कुमार, महावीरी देवी द्वारा कैराना रोड, शामली में लगभग 9 बीघा भूमि में प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अनाधिकृत रूप से अवैध प्लॉटिंग (वी.आई.पी. रेजीडेन्सी) के निर्माण को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त पंकज कुमार द्वारा बजाज ऑटो के सामने वाली गली मे, कैराना रोड शामली में कृष्णा विहार कालोनी को सील किया गया। उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे। इसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त पूर्व में ध्वस्तीकरण व सील के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण एवं सील की कार्यवाही के समय प्राधिकरण कार्यालय के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, एवं प्राधिकरण टीम के साथ साथ सम्बन्धित थाने का पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रहा।

पूरा भवन बनकर हो जाता है तैयार, फिर आखिर क्यों होता है एमडीए का वार?

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। जनपद में एमडीए लगातार बड़ा खेल, खेल रहा है। एमडीए तब तक खामोश रहते हैं, तब तक भवन निर्माता से सेटिंग-गेटिंग चलती रहती है, जैसे ही भवन बनने को होता है और भवन स्वामी एकाध कमरा या हॉल फालतू बना लेते हैं तो वहीं एमडीए को इन भवनों पर सील लगाने का मौका मिल जाता है। नाम न लिखे जाने की शर्त पर स्वयं भवन निर्माणकर्ताओं ने यह पूरा खेल बताया कि एक भवन में तीन लेंटर डले थे और तीन लेंटर डलने का जो भी खर्चा-पानी दिया जाना था, वह दे दिया गया था। मगर मामूली सा भवन ज्यादा बनाने पर एमडीए ने मौका देखा और तुरन्त सील लगा दी। अब इस बात की सुनवाई कहीं नहीं हो रही। बेशक भवन स्वामी के पास सेटिंग-गेटिंग की कोई ऑडियो वीडियो नहीं है, मगर उक्त पूरा खुलासा भवन स्वामी अपने मुख से करने को तैयार है। भवन स्वामी का बताना है कि प्रत्येक व्यक्ति भवन बनाने का खर्च कहां तक झेले और कहां तक उसे नम्बर-1 में बनाए। एमडीए ने नम्बर 1 में बनाने पर भी खामियां निकालनी हैं तो क्यों न आधा नम्बर-1 और आधा नम्बर-2 में अपना काम निपटा लिया जाए। बस यही मजबूरी प्रत्येक व्यक्ति को एमडीए के सामने नतमस्तक होने पर मजबूर कर रही है अन्यथा तो आम आदमी डटकर विभाग का मुकाबला कर सकता है और फिर वही बात की शहर में अंधेर नगरी चौपट राजा तो पहले से ही दिखाई पड़ रहा है। नेताओं की कोई सुनवाई किसी विभाग में नहीं है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

शाहपुर, 03 जून (बु.)। थाना क्षेत्र के किनौनी गेट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार 19 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार की सुबह हरियाणा प्रदेश के जनपद जींद निवासी 19 वर्षीय मनीष कुमार बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था, जब वह थाना क्षेत्र के किनौनी गेट के पास पहुंचा, तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गंभीर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मृतक युवक के परिजनों को देने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

ईमानदारी से इलेक्ट्रिक स्कूटी पर ही आ रहे सीएमएस डॉ. संजय वर्मा

बुलेटिन ने किये सुबह 8:30 बजे पर कैमरे में कैद

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील मानने का कुछ लोग तो सिर्फ ढोंग करते हैं कि फोटो सेशन कराया और अगले दिन ही बड़ी-बड़ी गाड़ियों में लदकर चल दिये, मगर इस मामले में सीएमएस डॉ. संजय वर्मा अपनी बात पर खरे उतरे। उन्होंने फोटो सेशन तो कराया मगर उस दिन से आज तक वे लगातार अपने दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहन से ही अस्पताल पहुंच रहे हैं। जैसा कि बुलेटिन ने कहा कि बुलेटिन कुछ समय के बाद इस बात की जनहित में जांच करेगा कि सीएमएस व उनका काफिला सिर्फ फोटो सेशन कराएगा या लगातार इलेक्ट्रिक वाहन व साइकिल पर आएगा। साइकिल वालों को भी बुलेटिन के कैमरे में जल्द ही कैद किया जायेगा। बुधवार को बुलेटिन के कैमरे में सीएमएस ठीक 8:30 पर अस्पताल में अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से ही पहुंचते दिखाई दिये। ऐसे में सीएमएस की तारीफ तो बनती ही है कि उन्होंने मोदी जी की अपील का बखूबी पालन किया है।

दिनदहाड़े बाइक चोरी : मॉडल शॉप के बाहर खड़ी बाइक, नकाबपोश बदमाश ले गया

मुजफ्फरनगर, 03 जून (बुस.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना सामने आई है। भोपा रोड स्थित एक मॉडल शॉप के बाहर खड़ी बाइक को एक नकाबपोश चोर कुछ ही सेकंड में चुराकर फरार हो गया। यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक अपना चेहरा ढंककर मौके पर पहुंचता है। वह पहले आसपास नजर दौड़ाता है और फिर मौका मिलते ही बाइक के पास पहुंचकर उसे लेकर फरार हो जाता है। चोर ने इतनी तेजी और सफाई से वारदात को अंजाम दिया कि आसपास मौजूद लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाइक चोरी की जानकारी मिलने पर मालिक ने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद इलाके के लोगों में भी नाराजगी है। उनका कहना है कि शहर में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन चोरों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। नई मंडी पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और आरोपी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

रुड़की फैक्ट्री से चोरी 5 लाख का कॉपर बरामद

– चरथावल पुलिस ने चार अंतरराज्यीय चोर किया गिरफ्तार, सहारनपुर ले जा रहे थे माल

चरथावल, 03 जून (बु.)। चरथावल पुलिस ने रुड़की की एक फैक्ट्री से चोरी हुए करीब पांच लाख रुपये मूल्य के कॉपर के साथ चार अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक स्विफ्ट कार और 10 कॉपर प्लेटें बरामद की हैं, जिनका कुल वजन लगभग 500 किलोग्राम है। यह कार्रवाई चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के निर्देश पर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के दौरान हुई। पुलिस टीम ने एक स्विफ्ट कार (यूपी-15 डीवाई-9309) को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक कार मोड़कर भागने लगा। बिरालसी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह परिहार ने अपनी टीम के साथ घेराबंदी कर कार को रोका और उसमें सवार चारों युवकों को हिरासत में ले लिया। कार की तलाशी लेने पर डिग्गी, अगली सीट और चालक सीट के पीछे से तांबे की 10 भारी प्लेटें मिलीं। प्रत्येक प्लेट लगभग तीन फीट लंबी और 50 किलोग्राम वजनी है। बरामद कॉपर की

अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान शादाब, उवैश, आसिफ और फरमान के रूप में बताई, जो सहदेवीनगर, भगवानपुर, हरिद्वार के निवासी हैं। कड़ाई से पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद के थाना गंगनहर क्षेत्र स्थित पनियाला गांव में ग्रीन विलो रिसाइकिलिंग कंपनी के गोदाम का ताला तोड़कर ये कॉपर प्लेटें चोरी की थीं। वे चोरी का माल सहारनपुर ले जाकर बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने थाना गंगनहर, रुड़की से संपर्क किया, जहां से पता चला कि फैक्ट्री मालिक मोहम्मद गुलरेज पुत्र अब्दुल के प्रार्थना-पत्र पर चोरी का मुकदमा पहले से दर्ज है। फैक्ट्री मालिक ने भी बरामद कॉपर को अपनी कंपनी का माल बताया। पुलिस के अनुसार, फैक्ट्री से कुल 12 कॉपर प्लेटें चोरी हुई थीं, जिनमें से 10 प्लेटें बरामद कर ली गई हैं। पुलिस ने बरामद माल और वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने बरामद माल और वाहन को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस शेष दो प्लेटों की बरामदगी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत

– घटना बरला के खाईखेड़ी रोड पर रात के समय हुई

छपार, 03 जून (बु.)। छपार थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश की मौत हो गई। यह घटना बरला के खाईखेड़ी रोड पर रात के समय हुई। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे खाई खेड़ी निवासी विपिन कुमार ने गोवंश को सड़क किनारे मृत अवस्था में देखा। वह किसी काम से बसेड़ा जा रहे थे। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पीआरबी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रिजवान नामक व्यक्ति की मदद से जेसीबी मंगवाई। इसके बाद, ग्रामीणों और पुलिस की मौजूदगी में गोवंश का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। पीआरबी के चालक हरीश कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंचकर गोवंश का अंतिम संस्कार किया गया। राहगीर विकास कुमार पुत्र संदीप सिंह ने भी पुष्टि की कि रात में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी, जिसके बाद गोवंश का अंतिम संस्कार किया गया।

मोबाइल दुकानों को निशाना बनाने वाला शातिर गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)। नगर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल दुकानों को निशाना बनाने वाले एक शातिर चोर को वारदात से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी गौशाला रोड क्षेत्र की मोबाइल दुकानों पर नजर रखे हुए था और चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में था। आबकारी चौकी इंचार्ज शशि कपूर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान आरिफ उर्फ आरिस पुत्र अकबर निवासी गढ़ीपुख्ता, जनपद शामली (वर्तमान निवासी राशिद गेट, लोनी, गाजियाबाद) के रूप में हुई है। उसे देर रात गौशाला मौहल्ला स्थित पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक

315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरिफ मोबाइल चोरी की कई घटनाओं में शामिल रहा है और उसका मुख्य निशाना मोबाइल की दुकानें रही हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ शामली जिले के कांधला थाने में मोबाइल चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। वह पूर्व में जेल भी जा चुका है। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच कर रही है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस का कहना है कि समय रहते गिरफ्तारी नहीं होती, तो आरोपी शहर में एक और मोबाइल चोरी की वारदात को अंजाम दे सकता था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

कॉल करने के बहाने मोबाइल लेकर फरार

– स्विफ्ट कार से उतरकर आया था युवक

थानाभवन, 03 जून (बु.)। कस्बे में मोबाइल चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। स्विफ्ट कार से दुकान पर पंहुचे एक युवक ने कॉल करने के बहाने दुकानदार से मोबाइल फोन लिया और कुछ ही क्षणों में लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। थाना भवन क्षेत्र के गांव भनेड़ाउद्दा निवासी सत्यवीर पुत्र आसाराम ने थाना भवन थाने में तहरीर दी कि पीड़ित की गांव के बाहर गोडवाल पेंट्स के नाम से दुकान है। पीड़ित दुकानदार अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार दुकान के बाहर आकर रुकी। कार से उतरे एक युवक ने दुकानदार से जरूरी कॉल करने की बात कहकर मोबाइल मांगा। दुकानदार ने भरोसा कर अपना मोबाइल उसे दे दिया। मोबाइल हाथ में मिलते ही युवक तेजी से बाहर निकला और स्विफ्ट डिजायर कार में बैठकर फरार हो गया। घटना के बाद दुकानदार को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। उसने आसपास तलाश की, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी युवक और उसकी कार की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सोनम वांगचुक कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में आए

नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कॉकरोच जनता पार्टी की मांगों और विचारधारा का समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मंगलवार को खुद इसकी जानकारी दी। इस बीच कॉकरोच जनता पार्टी ने तीन प्रवक्ता नियुक्त किए हैं। कॉकरोज इस बैक के ट्वीट के अनुसार पत्रकार सौरव दास मुख्य प्रवक्ता होंगे। वहीं फिल्ममेकर विजेता दहिया और कानपुर और ग्लोबल मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म मैकिन्से के एल्युम्नस, आशुतोष रांका प्रवक्ता होंगे। वांगचुक ने वीडियो मैसेज जारी कर कहा- मैंने फाउंडर अभिजीत दिपके से बात की। उनसे बात करके मुझे लगा कि उनकी मंशा गलत नहीं है। वे एक देशप्रेमी हैं और बदलाव चाहते हैं। वांगचुक ने कहा- अभिजीत 6 जून को दिल्ली में लोगों को बुला रहे हैं। अगर 5 जून तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा नहीं दिया तो मैं भी जंतर-मंतर पर उखढ के प्रदर्शन में शामिल होऊंगा।

13 साल उम्र, 03 साल में 700 लोगों ने रेप किया

लंदन, 3 जून (एजेंसी)। ब्रिटिश सांसद रूपर्ट लोव ने संसद में अपने एक भाषण से ब्रिटेन के ग्रूमिंग गैंग कांड पर फिर से बहस छेड़ दी है। उन्होंने इस भाषण में पीड़ितों की गवाही पढ़ी। उन्होंने संसद को बताया कि रेप गिरोह की दो हफ्तों की जांच की सुनवाई के दौरान जो बातें कही गईं, उसे पूरी दुनिया को सुननी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि एक पीड़ित से 13 से 16 साल की उम्र के बीच 600-700 अलग-अलग पुरुषों ने रेप किया। लोव ने कहा, ब्रिटेन के कम से कम 85 इलाकों में संगठित बाल यौन शोषण के संकेत मिले हैं। संसद में पढ़ी गई गवाहियों में सामूहिक दुष्कर्म, हिंसा, धमकी और नस्लीय अपमान के आरोप शामिल थे। एक गवाही में कहा गया कि पीड़ित को ड्रग्स देकर कई लोगों के हवाले किया जाता था। उन्हें पिंजरों में कैद रखा जाता था। दूसरी पीड़ित ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर जान से मारने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी जाती थी। रूपर्ट लोव ने कहा- अब इन मामलों पर चुप नहीं रहा जा सकता। पिछले साल अगस्त में लोव ने कहा था कि रेप कांड में मुख्य रूप से पाकिस्तानी मूल के पुरुष शामिल हैं। ये दशकों से गैंग चला रहे हैं और इनकी संख्या अनुमान से कहीं ज्यादा हैं।

यूपी में वॉट्सएप ग्रुप पर हत्या-लूट की प्लानिंग

– 500 रुपए में हाथ-पैर तोड़ रहे; 'कटरा गैंग' ने होटल कारोबारी के बेटे का मर्डर किया

लखनऊ, 3 जून (एजेंसी)। 29 मई की रात गाजीपुर में होटल कारोबारी के बेटे विनीत राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की प्लानिंग वॉट्सएप ग्रुप ह्यकटरा गैंगह्ल पर हुई। कैसे मारना है, कितनी गोली मारनी है, कौन सा हथियार इस्तेमाल करना है, सब पहले से ही साफ था। यूपी में ये पहला मामला नहीं है। महाराजगंज, बलिया, उन्नाव समेत यूपी के कई जिलों में अपराधी इसी तरह वॉट्सएप ग्रुप बनाकर वारदात कर रहे हैं। किसी से वसूली करनी होती है, किसी को पीटना होता है या फिर हत्या करनी होती है, इसकी प्लानिंग वॉट्सएप ग्रुप में ही होती है। ये ग्रुप प्रशासन के लिए भी चुनौती बन गए हैं। गाजीपुर में आलोक राय का लग्जरी होटल है। इसकी कीमत करीब

20 करोड़ रुपए होगी। आलोक के बेटे विनीत इसे देखते थे। 29 मई की रात करीब 11 बजे 2 बाइकों से 4 नकाबपोश बदमाश पहुंचे। बाहर खड़े गार्ड शंभू से कहा कि 16 बोतल बियर चाहिए। शंभू ने कहा मिल जाएगी। इसके बाद 8 बोतल बियर ली। तभी विनीत घर जाने के लिए बाहर निकले। गाड़ी की तरफ जाते समय चारों बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पहली गोली हाथ में लगी तो विनीत भागे। इसके बाद दूसरी गोली कमर पर लगी और विनीत गिर गए। इसके बाद बदमाशों ने दो गोलियां उनके सीने में मारीं। विनीत को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। हत्या में शामिल चारों बदमाश शंकर पांडेय, कमलेश चौधरी, सोनू यादव और मोनू त्रिपाठी फरार हैं। शंकर पांडेय मुख्य आरोपी है। विनीत के पिता आलोक के मुताबिक, आरोपी पिछले 2 सालों से धमकी दे रहा था। गुंडा टैक्स मांगता था। कहता था- 20 करोड़ का होटल है, 1 करोड़ रुपए दो। होटल में कई बार तोड़फोड़ भी की थी। पुलिस जांच में मुख्य आरोपी शंकर पांडेय के बारे में कई अहम चीजें सामने आई हैं। शंकर ने कटरा नाम से गैंग बना रखी थी। इसका वॉट्सएप ग्रुप भी बनाया था। ग्रुप में आपराधिक काम करने वाले सभी साथी शामिल थे। ये लोग सोशल मीडिया पर अपनी पहचान किंग ऑफ गाजीपुर के रूप में रखते थे। शंकर खुद को बाहुबली कहता था। आलोक राय का आरोप है कि कटरा गैंग ने पिछले दो साल में कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

शायर बशीरबद्र की अंतिम यात्रा में सिर्फ 20 लोग पहुंचे

– कवि हरिओम पंवार बोले- मेरठ में होते तो लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता

मेरठ, 3 जून (एजेंसी)। मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन के बाद उनकी अंतिम यात्रा में बेहद कम लोगों की मौजूदगी को लेकर कवि डॉ. हरिओम पंवार ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अपनी गजलों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले शायर को इस तरह की विदाई मिलना बेहद पीड़ादायक है। डॉ. हरिओम पंवार ने कहा कि बशीर बद्र जैसे बड़े शायर बहुत कम पैदा होते हैं। उनकी शायरी ने उर्दू अदब को नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान साहित्यकार की अंतिम यात्रा में मात्र 20 लोगों का शामिल होना दुखद और चिंताजनक है। भावुक होते हुए डॉ. पंवार ने कहा कि यदि बशीर बद्र का निधन मेरठ में हुआ होता तो उनकी अंतिम विदाई इतनी सूनी नहीं होती। वहां उनके चाहने वालों और साहित्य प्रेमियों का बड़ा कारवां उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचता। उन्होंने यह भी कहा कि उर्दू साहित्य जगत की कम मौजूदगी ने उन्हें और अधिक आहत किया है। डॉ. पंवार ने बताया कि उनका वर्षों तक बशीर बद्र के साथ आत्मीय संबंध रहा। उन्होंने कहा कि उनकी रचनाएं आज भी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती हैं और साहित्य जगत में उन्हें जो सम्मान मिला, वह विरले ही किसी साहित्यकार को प्राप्त होता है। गौरतलब है कि डॉ. बशीर बद्र का हाल ही में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। वे लंबे समय से डिमेंशिया से पीड़ित थे और इसी कारण सार्वजनिक जीवन और मुशायरों से दूर हो गए थे। सरल और आम बोलचाल की भाषा में लिखी उनकी गजलों ने उन्हें आम लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था।

पटना में खान सर की कोचिंग पर हमला:गार्ड से मारपीट-पथराव, पोस्टर फाड़े

पटना, 3 जून (एजेंसी)। मंगलवार रात खान सर की कोचिंग ग्लोबल स्टडीज पर हमला हुआ। हमले का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग गार्ड को पीटते दिख रहे हैं। इस दौरान ईंट-पत्थर भी चलाए गए। पोस्टर भी फाड़ दिए। पुलिस ने ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रोशन आनंद समेत उनके दो सहयोगी अभिषेक और गौरव को गिरफ्तार किया है। तीनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। भास्कर से बातचीत में टाउन ऊ्रढ-1 राजेश रंजन ने इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, रोशन आनंद और उसके दोनों सहयोगियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। खान सर ने हमले का आरोप ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर और कोचिंग के कर्मियों पर लगाया है। इस घटना के बाद बिहार शिक्षा विभाग ने कोचिंग नीति बनाए जाने की घोषणा की है। अगले 3 महीने के भीतर कोचिंग नीति तैयार की जाएगी। इसके तहत सभी कोचिंग संस्थानों के लिए एक मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट तैयार किया जाएगा। सीसीटीवी में सफेद शर्ट में एक शख्स गार्ड को बाहर ले जाता हुआ दिख रहा है। गार्ड को बाहर ले जाने के बाद कुछ और लोग आते हैं और उसे पीटने लगते हैं। गार्ड को बाहर ले जाने के बाद कुछ और लोग आते हैं और उसे पीटने लगते हैं। मारपीट के दौरान खान सर की कोचिंग के पोस्टर भी फाड़े गए। खान सर का कहना है कि हमले में सिक्योरिटी गार्ड का सिर फोड़ दिया गया।। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खान सर ने पहले 8 से 10 राउंड गोली चलने का दावा किया था। हालांकि, बाद में वे अपने बयान से पलट गए। उन्होंने कहा कि माहौल इतना तनावपूर्ण था कि मुझे कुछ समझ नहीं आया।ह्ल खान सर की ओर से दायर एफआईआर में भी गोलीबारी का कोई जिक्र नहीं है। साथ ही पटना पुलिस ने भी फायरिंग से इनकार किया है। हमले के बाद खान सर का कोचिंग सेंटर आज यानी बुधवार को बंद किया गया है। खान सर ने कहा, ह्यआज पढ़ाई नहीं हो पाएगी।ह्ल इधर, कोचिंग पर हमले के बाद बड़ी संख्या में खान सर के छात्रों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया।

मुस्लिम लड़के ने रॉयल राजपूत बनकर युवती से दोस्ती की: देहरादून में दो साल तक रेप किया, आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड की

देहरादून से सामने आई शर्मनाक करतूत, मचा बवाल

देहरादून, 3 जून (एजेंसी)। देहरादून में एक मुस्लिम लड़के ने इंस्टाग्राम पर रॉयल राजपूत बनकर युवती से दोस्ती की। फिर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक फोटो व वीडियो रिकॉर्ड कर ली। दो साल तक ऐसा ही चलता रहा। इसका खुलासा तब हुआ जब लड़की के परिवार को लड़के पर शक हुआ। जब लड़की अपने परिजनों के साथ लड़के के घर गई तो मामले की सच्चाई सामने आ गई। इसके बाद आरोपी ने युवती को फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला लगभग दो साल पुराने कथित प्रेम संबंध से जुड़ा है। विकासनगर में रहने वाला 23 वर्षीय दानिश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए पीड़िता से संपर्क किया था। उसने खुद को हिंदू धर्म का बताकर युवती से दोस्ती की, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ करीब दो सालों तक शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि कुछ समय बाद जब उसे आरोपी की असली धार्मिक पहचान का पता चला, तो उसने विरोध किया। इसके बाद आरोपी दानिश ने अपनी असलियत छुपाने के बजाय युवती पर जबरन मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने धर्म बदलने से साफ इनकार किया, तो आरोपी ने उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। बात न मानने और विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने सोमवार (1 जून) को सहसपुर कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रढ) देहरादून और अन्य उच्चाधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम गठित की। सहसपुर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी दानिश के खिलाफ मामला दर्ज किया।

वन विभाग की टीम ने तेंदुए को किया तलाश

सिखेड़ा, 03 जून (बु.)। गांव नंगला कबीर में मंगलवार की रात्रि को वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तेंदुए को आम के बाग तथा जंगल में काफी तलाश किया। इसके बावजूद तेंदुए का कहीं पता नहीं चल सका। जंगल में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। गांव नंगला कबीर में मोघपुर वाले रास्ते पर आम के बाग में ठेकेदार हाशिम ने सोमवार की रात्रि को बाग में तेंदुए को बैठे हुए देखा। इसके अलावा ग्रामीण धीरेंद्र पुत्र नैनसिंह ने भी मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए की तस्वीरें देखी थी। धीरेंद्र का मकान गांव के बाहरी छोर पर जंगल की ओर है। तेंदुए की ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग के दरोगा सुनील कुमार को दी थी। वन विभाग की टीम को जंगल में तेंदुए के पदचिह्न भी मिले थे। मंगलवार की रात में वन विभाग की टीम ने ग्रामीण राजू, अरविंद, संदीप, देवेंद्र, परमवीर, हाशिम के साथ तेंदुए को तलाश किया। लेकिन तेंदुए का कहीं पता नहीं चल सका।

हरिद्वार में ऋषिकेश से लौट रही बस हाईवे पर आग का गोला बनी

– ऋषिकेश से लौट रहे थे 32 श्रद्धालु; विदेशी यात्रियों के पासपोर्ट भी जले

हरिद्वार, 3 जून (एजेंसी)। हरिद्वार में जयपुर की ट्रैवल्स बस बीच हाईवे पर आग का गोला बन गई। बस में सवार 32 श्रद्धालु सवार थे, जो ऋषिकेश से आ रहे थे। हादसा बहादराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतरशाह चौकी के पास देर रात हुआ। जानकारी के अनुसार, एक निजी ट्रैवल्स कंपनी की बस ऋषिकेश से हरिद्वार होते हुए दिल्ली और जयपुर जा रही थी। हरिद्वार से निकलने के कुछ समय बाद जैसे ही बस शांतरशाह चौकी के पास पहुंची, तभी बस में अचानक स्पार्किंग होने लगी। चालक ने हालात की गंभीरता को समझते हुए तुरंत बस को सड़क किनारे रोक दिया और यात्रियों को नीचे उतरने के निर्देश दिए। यात्री बस से उतर ही पाए थे कि आग ने तेजी से पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। अधिकांश यात्रियों का सामान बस के भीतर ही रह गया, जो देखते ही देखते आग में जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बहादराबाद थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बस ड्राइवर अरुण कुमार निवासी उदयपुर और परिचालक रिंकू निवासी कंचनपुर, धौलपुर (राजस्थान) के हैं।



गाजीपुर में विनीत राय का हत्यारा एक लाख का ईनामी ढेर

गाजीपुर, 3 जून (एजेंसी)। होटल व्यवसायी आलोक राय उर्फ डब्लू के पुत्र विनीत राय हत्याकांड में नामजद और एक लाख रुपये के इनामी आरोपी कमलेश चौधरी बुधवार देर शाम पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ के दौरान स्वाट टीम प्रभारी रोहित मिश्रा भी गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बताया कि बुधवार शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि विनीत राय हत्याकांड का आरोपी कमलेश चौधरी कोतवाली क्षेत्र के कुर्था स्थित पौहारी बाबा आश्रम के पास छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से इलाके की घेराबंदी कर दी। एसपी के अनुसार पुलिस टीम ने आरोपी को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी की गोली स्वाट टीम प्रभारी रोहित मिश्रा को लग गई, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। जवाबी फायरिंग में कमलेश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

'कितने असद को मारेंगे, हमारे भी हथियार हैं तैयार'

सूर्या हत्याकांड के बाद मेरठ में भड़काऊ पोस्ट, गिरफ्तार होते ही कान पकड़कर गिड़गिड़ाया

मेरठ, 3 जून (एजेंसी)। गाजियाबाद के सूर्या हत्याकांड को लेकर जहां पूरे क्षेत्र में चौतरफा निंदा हो रही है, वहीं कुछ लोग इस घटना के सहारे माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसे लेकर नया विवाद खड़ा हो गया। वायरल वीडियो महज 14 सेकेंड का है, जिसमें शुरूआत में पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित गीत ह्लआरंभ है प्रचंडह्व की पंक्तियां सुनाई देती हैं। वीडियो में गाजियाबाद में मारे गए सूर्या की तस्वीर के साथ आरोपी असद की फोटो भी दिखाई गई है। साथ ही एक अन्य फ्रेम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर भी नजर आती है। वीडियो के अलग-अलग हिस्सों में भड़काऊ और आपत्तिजनक टेक्स्ट भी लिखा हुआ है। इसमें सबसे पहले लिखा दिखाई देता है- हो गया एनकाउंटर , उसके बाद थैंक यू योगी जी और फिर मिल गया इंसाफ जैसे संदेश शामिल हैं। इसके बाद वीडियो का माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो जाता है। वीडियो में एक युवक सफेद कुर्ता-पायजामा पहने तेजी से चलता दिखाई देता है। बैकग्राउंड में नसीरुद्दीन शाह का एक डायलॉग भी चलता है— रास्ते में जो भी आएगा, उसकी भी जुबान बंद करनी होगी, रुपयों से नहीं तो गोली से। इसके बाद वह युवक हाथ में छुरा लेकर उसे धार लगाते हुए दिखाई देता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया। जांच में पता चला कि यह वीडियो ब्रह्मपुरी क्षेत्र के हरिनगर अंगूर वाली गली निवासी अमन पुत्र अशरफ का है, जिसने इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अमन को ब्रह्मपुरी पुलिस थाने लाया गया, जहां वह हाथ जोड़कर अपनी गलती स्वीकार करता नजर आया। पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की और बाद में उसका जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान वह कान पकड़कर चलता दिखाई दिया, जबकि दो पुलिसकर्मी उसे दोनों तरफ से पकड़े हुए थे।

34 सवारियों से भरी बस के ब्रेक फेल

–अचानक दरवाजा खुलने से सड़क पर गिरा ड्राइवर, टायर के नीचे आने से मौत

चंपावत, 3 जून (एजेंसी)। चंपावत में चलती उत्तराखंड रोडवेज बस का ब्रेक फेल हो गया, जिससे ड्राइवर की मौत हो गई। बस में 34 यात्री सवार थे, जो धारचूला से टनकपुर की ओर जा रहे थे। हादसा लोहाघाट-पिथौरागढ़ हाईवे पर बुधवार सुबह हुआ। हादसे में बस ड्राइवर चंपावत के स्वाला बडोली निवासी बेनीराम थ्वाल की खुद की बस के पहिए के नीचे दबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा बस में तकनीकी खराबी के कारण हुआ, जिसकी सटीक जांच डिपो ले जाने के बाद की जाएगी। बस के कंडक्टर और यात्रियों के अनुसार, जैसे ही बस पाटन पुल के पास ढलान पर पहुंची, ड्राइवर बेनीराम थ्वाल ने बस को पहाड़ी से टकरा दिया। इस दौरान ड्राइवर वाली साइड का दरवाजा खुल गया और वह सीट से छिटककर सड़क पर गिर गए। इसके बाद बस का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक महिला यात्री को चोटें आई हैं जिन्हें अस्पताल भिजवाया गया, जबकि बाकी यात्री सुरक्षित हैं।

भारत समेत दुनियाभर में 3 महीने तक सूखे की आशंका

नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)। इस साल में भारत समेत दुनियाभर में सूखे की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने मंगलवार देर रात वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प

1973-2026

सम्पादक की क़लम से

पश्चिम बंगाल में सियासी उठा-पटक

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भीतर सियासी उठा-पटक चल रही है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी के 58 बागी विधायकों ने विधायक दल का नेता घोषित कर दिया है। कल इन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस से मिलकर समर्थन-पत्र भी सौंपा। इस उठा-पटक का संकेत यही है कि ममता बनर्जी की टीएमसी भी टूट की राह पर है, ठीक ऐसे ही जैसे महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी टूटी थीं। शिवसेना को एकनाथ शिंदे ले गये थे और उन्हें भाजपा ने सहारा दिया था, लेकिन पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं है, वहाँ भाजपा इस उठा-पटक से दूर है, जो हो रहा है, टीएमसी के भीतर ही हो रहा है। इस बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है, लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इन्कार किया है। सोमवार को अभिषेक बनर्जी के लेटर हेड पर स्पीकर को भेजे गए पत्र में शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने का प्रस्ताव भेजा था। विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने शिकायत की थी कि इस प्रस्ताव पर उनके हस्ताक्षर फर्जी हैं। शिकायत के बाद ममता ने दोनों विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पार्टी के भीतर बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कल राज्य की सभी कमेटियों और फ्रंटल संगठनों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। टीएमसी अब पूरे संगठन का पुनर्गठन करेगी। संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी से निकाल दिया था। निकाले गये दोनों विधायकों ने स्पीकर से शिकायत की थी कि पार्टी ने शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने वाले प्रस्ताव में उनके उनके फर्जी साइन किए थे। साहा और बनर्जी का आरोप है कि यह शिकायत करने पर ही दोनों टीएमसी से निकाले गए। ये बागी विधायक नेता विपक्ष, चीफ व्हिप जैसे पद तो ले सकते हैं, लेकिन शिवसेना और एनसीपी की तरह पार्टी पर अधिकार अभी नहीं ले पाएंगे। अगर ऐसा होता है, तो बड़े गुट के दावे पर चुनाव आयोग फैसला लेगा। मामला कोर्ट भी जा सकता है। हालांकि इसके लिए दो-तिहाई अर्थात 28 में से 19 लोकसभा सांसदों की भी जरूरत होगी। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारियों का भी रुख महत्वपूर्ण होता है, इससे बचने के लिए ममता ने पहले ही सभी कमेटियां भंग कर दी हैं। यह मामला दलबदल कानून, पार्टी संगठन के संविधान और निर्वाचन आयोग के नियमों से तय होता है। 91वें संविधान संशोधन 2003 के बाद कम से कम दो-तिहाई विधायक मूल पार्टी से अलग होने का निर्णय लेते हैं, तो उन्हें अयोग्यता से छूट मिल सकती है। इसके बाद चुनाव आयोग यह जांच करता है कि पार्टी पर असली नियंत्रण किसका होगा। महाराष्ट्र में पिछले पांच सालों में दो बड़ी क्षेत्रीय पार्टियां टूट चुकी हैं। 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना का बड़ा गुट अलग हो गया, जबकि 2023 में अजित पवार के साथ एनसीपी का एक बड़ा धड़ा अलग हो गया। दोनों मामलों में अलग हुए गुटों ने पार्टी और चुनाव चिह्न पर भी दावा किया, जिससे इसे महाराष्ट्र की नयी दल-बदल राजनीति का उदाहरण माना जाता है। टीएमसी में कोई शिंदे दिखायी नहीं दे रहा और न ही भाजपा किसी टीएमसी के शिंदे को लेने वाली है। चार मई को जैसे ही नतीजे आये तो बंगाल में इन नतीजों को राजनैतिक भूकंप कहा गया, जिसके झटके वहाँ टीएमसी को पांच मई ही से लगने शुरू हो गये थे, जब हर गाँव और शहर में लोग रंग गुलाल उड़ा कर जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे, वन्देमातरम बोल रहे थे। बड़े घटनाक्रम में 20 मई को कुछ विधायकों ने पोस्ट-पोल हिंसा और हॉकर्स हटाने के अभियानों के खिलाफ धरना दिया था। विधानसभा चुनाव में हार के बाद यह टीएमसी का पहला बड़ा संगठित विरोध प्रदर्शन था, लेकिन इसमें केवल 35 विधायक ही पहुंचे थे। यहीं से बगावत की बू आने लगी थी। 27 मई को टीएमसी सांसद काकोली घोष ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे से पहले काकोली मुख्यमन्त्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुई थीं। 30 मई को सांसद अभिषेक बनर्जी से मारपीट हो गयी। उन पर अंडे और चप्पल भी फेंके गए थे। इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें टीएमसी ही का बताया गया। 31 मई को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने वाले सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला हो गया, तब दाल में बड़ा काला नजर आने लगा था, जब ममता ने टीएमसी विधायकों की बैठक बुलाई थी,लेकिन 80 में से सिर्फ 20 विधायक ही पहुंचे। 60 विधायकों के नहीं आने पर बैठक टाल दी गई और अब यह गुट अलग राह पर चल दिया है। इस उठा-पटक को देखकर सियासी गलियारों में यह चर्चा चल रही है कि पश्चिम बंगाल में जनता की सेवा करने वाले लोग सत्ता में नहीं थे। जनता को डराने वाले, जनता को लूटने वाले, जनता पर तरह-तरह के अत्याचार करके धन कमाने वालों का एक बड़ा तन्त्र काम कर रहा था, जो अहंकार के सबसे ऊँचे शिखर पर था, जिसकी विचारधारा खाओ और खाने दो की थी, जिसे जनता ने उखाड़ फेंका। अभिषेक बनर्जी की पिटाई के बाद भी, उनसे सहानुभूति दिखाने वाले टीएमसी नेता सामने नहीं आये और उनके गले फर्जी हस्ताक्षर घोटाला और पड़ गया। अब वे गिरफ्तारी से बचने के लिये हाईकोर्ट पहुंचे हैं। फर्जी दस्तखत की शिकायत सामने आने के बाद सरकार ने इस मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी। मुख्यमन्त्री शुभेंदु अधिकारी ने इन दोनों विधायकों के नाम को सार्वजनिक कर दिया था। उसके पंद्रह मिनट के भीतर ही दोनों को पार्टी से निकाल दिया गया। अब इन्होने ही अलग गुट बनाया है। टीएमसी के प्रवक्ता रहे रिजू दत्त ने तो पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि उन लोगों के पास 50 विधायकों का समर्थन है और वही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। चुनावी नतीजों के बाद पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दत्त को भी निलंबित कर दिया गया था। दूसरी तरफ अपने फ्लॉप धरने में ममता बनर्जी ने कहा कि बीजेपी सरकार दिल्ली से तृणमूल कांग्रेस को खत्म करने की साज़िश कर रही है, लेकिन मैं उसे इसमें कामयाब नहीं होने दूंगी। पार्टी के विधायकों, पार्षदों और नेताओं को गैरकानूनी तरीके.से धमकियां दी जा रही हैं। ममता ने कहा कि अगर वह जीवित रहीं तो बीजेपी को सत्ता से हटा कर दम लेंगी।

चार तीर

सुनील उत्सव

'खता' 'हिफाजत' 'राजनीति' 'शक्ल'

खुद की खता को दूसरों के सिर पे थोप दे,
ए राजनीति क्या तेरी ऐसी ही शक्ल है।
नेताओं की हिफाजत, जनता की कुछ नहीं,
ए राजनीति क्या तेरी ऐसी ही शक्ल है।

नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी के पिता को उठाकर ले गई मेरठ पुलिस

मीरापुर, 03 जून (बु.)। मंगलवार की देर रात्रि मेरठ पुलिस ने मीरापुर में थाने के समीप एक घर में दबिश दी। इस दौरान पुलिस एक व्यक्ति को उठाकर अपने साथ ले गई। मीरापुर में थाने के समीप रहने वाले एक युवक का कई वर्ष से पड़ोस में किराए पर रहने वाली एक किशोरी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिसकी जानकारी किशोरी के पिता को लगी तो वह परिवार सहित मेरठ जाकर रहने लगा, किन्तु इसके बावजूद भी युवक किशोरी से चोरी छिपे मिलने मेरठ जाने लगा। दो दिन पूर्व युवक किशोरी को मेरठ से लेकर फरार हो गया, जिस पर किशोरी के पिता ने मेरठ पुलिस को सूचना दी। मंगलवार की देर रात्रि मेरठ पुलिस की एक टीम किशोरी के पिता को साथ लेकर मीरापुर पहुँची और आरोपी युवक व किशोरी की तलाश में युवक के घर दबिश दी, किन्तु युवक व किशोरी पुलिस को नहीं मिलें, जिस पर मेरठ पुलिस आरोपी युवक के पिता को उठाकर अपने साथ ले गई। मेरठ पुलिस की दबिश की स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में निरीक्षण करने पहुंचे विद्युत निगम के एमडी

मेरठ/मुजफ्फरनगर, 03 जून (बुस.)। विद्युत वितरण निगम मेरठ के प्रबंध निदेशक (एमडी) रवीश गुप्ता ने बुधवार को शामली, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर जनपदों का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तीनों जिलों के विद्युत विभाग के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता, राजस्व संग्रह (राजस्व वसूली) और आगामी भीषण गर्मी की चुनौतियों को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। प्रबंध निदेशक ने लापरवाह अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि मासिक और पारगामी राजस्व लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा किया जाए, जिन खंड, उपखंड या उपकेंद्रों में लक्ष्य अधूरे पाए जाएंगे, वहां संबंधित अवर अभियंता (जेई), उपखंड अधिकारी (एसडीओ) एवं अधिशासी अभियंता (एक्सियन) की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एमडी ने लाइन लॉस (विद्युत चोरी व तकनीकी नुकसान) को कम करने, कलेक्शन एफीशिएंसी और थ्रो रेट में उल्लेखनीय सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग से जुड़ी उपभोक्ताओं की समस्याओं का तुरंत निस्तारण होना चाहिए। उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत सही और समय पर बिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत जितने भी कार्य स्वीकृत हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। देरी करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों को चिह्नित कर एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 के स्वीकृत कार्यों के लिए तत्काल कार्य योजना तैयार कर काम में तेजी लाने को कहा गया। समीक्षा बैठक के बाद प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने तीनों जनपदों के विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों (बिजली घरों) का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में पीक आवर्स (अत्यधिक मांग के समय) के दौरान पूर्ण रूप से प्रोएक्टिव दृष्टिकोण अपनाया जाए ताकि विद्युत व्यवस्था निरंतर सुचारू रहे। उन्होंने साफ कहा कि टोल फ्री नंबर 1912 और अन्य माध्यमों से आने वाली उपभोक्ताओं की शिकायतों को नजरअंदाज न किया जाए। अधिकारी व कर्मचारी उपभोक्ताओं के फोन अनिवार्य रूप से उठाएं और बेहद सौम्य व शिष्ट भाषा में बात कर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

पीस लाइब्रेरी के कानूनी विवाद को निपटा कर इसे पालिका को सौंपा जाएगा

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। नगर के मध्य स्थित ऐतिहासिक पीस लाइब्रेरी परिसर के लंबे समय से लंबित प्रकरण का आपसी सुलह से निस्तारण कर इसे नगर पालिका को सुपुर्द करने की तैयारी की जा रही है। इसके बाद यहां पार्किंग के साथ बहुमंजिला भवन के निर्माण की योजना पर काम होने की संभावना है। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल के अनुरोध पर पीस लाइब्रेरी के सचिव रहे अधिवक्ता सुशील कुमार ने परिसर से संबंधित विभागीय एवं न्यायिक प्रक्रियाओं के समाधान हेतु सहमति प्रदान की है।

मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ता सुशील कुमार द्वारा न्यायालय के माध्यम से आवश्यक विधिक औपचारिकताओं को पूर्ण कर परिसर को नगर पालिका परिषद के सुपुर्द करने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण स्थल का सुनियोजित एवं आधुनिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय कॉम्प्लेक्स, आधुनिक सार्वजनिक पुस्तकालय, अध्ययन केंद्र तथा पर्याप्त वाहन पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाएगी। यह परियोजना विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी

। इसके अतिरिक्त, नगर में लगातार बढ़ रही यातायात एवं पार्किंग संबंधी चुनौतियों के समाधान में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आधुनिक शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाने वाला यह परिसर नगर की आधारभूत संरचना को नई मजबूती प्रदान करेगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा सार्वजनिक परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग जनकल्याण के लिए सुनिश्चित करना है। पीस लाइब्रेरी परिसर का विकास इसी संकल्प का एक महत्वपूर्ण उदाहरण होगा, जो नगर के शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मुजफ्फरनगर के विकास के इतिहास में एक दूरगामी एवं ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका मानना है कि यह परियोजना न केवल नगर की पहचान को नई ऊंचाई प्रदान करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक संसाधन के रूप में स्थापित होगी।

चरथावल से अग्निवीर जवान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

चरथावल, 03 जून (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र स्थित बिरालसी गांव से एक अग्निवीर जवान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। सेना में कार्यरत 23 वर्षीय अर्जुन शर्मा 3 जून की सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला है। जवान के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। परिजनों के अनुसार, अर्जुन शर्मा (पुत्र कृष्ण पाल शर्मा) 30 मई को छुट्टी पर अपने पैतृक गांव बिरालसी आए थे। 3 जून को सुबह लगभग 4 बजे वह टहलने के लिए घर से निकले थे। काफी समय बीत जाने और वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने चरथावल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और जवान की तलाश शुरू की। दोपहर 3 बजे तक कोई सुराग न मिलने पर सीओ सदर डॉ. रविशंकर भी घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भारी पुलिस बल के साथ बिरालसी गांव में मौजूद हैं। पुलिस ने जवान की तलाश के लिए कई टीमें गठित की हैं, जो विभिन्न कोणों से जांच कर रही हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर जवान की जल्द बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

गन्ने के रस की दुकान में चोरी, हिंडन चौकी के पास वारदात

चरथावल, 03 जून (बु.)। चरथावल क्षेत्र में हिंडन पुलिस चौकी से आगे चरथावल-थानाभवन मार्ग पर स्थित एक रस की दुकान में चोरी की वारदात हुई है। अज्ञात चोरों ने दुकान से हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दुकान संचालक ने सुबह जब अपनी दुकान खोली, तो ताले टूटे हुए मिले और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। यह देखकर चोरी का पता चला। जांच करने पर सामने आया कि चोर दुकान में रखे कीमती सामान और नकदी लेकर फरार हो गए हैं। पीड़ित दुकानदार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटाई। चोरों की पहचान के लिए पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। दुकानदार ने चोरी हुए सामान की एक सूची भी पुलिस को सौंपी है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

1932 से बसी कॉलोनी से 32 परिवारों को बेदखल करने का विरोध

– पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से लगाई की आवास बचाने की गुहार

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। घासीपुरा फार्म में 32 परिवार बेदखल करने की धमकी के बीच इन परिवारों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि वे वर्ष 1932 से इस भूमि पर निवास कर रहे हैं, लेकिन अब जमीन के स्वामित्व में बदलाव के बाद उन्हें हटाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि उनके पूर्वजों को सरशादीलाल गार्डन की देखरेख और खेती-बाड़ी के लिए यहां बसाया गया था। उनका दावा है कि उस समय लगभग छह बीघा भूमि पर उनके लिए एक कॉलोनी विकसित की गई थी। वे वर्षों से यहीं रह रहे हैं और उनके पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, बिजली कनेक्शन जैसे सरकारी दस्तावेज भी हैं, जो उनके लंबे समय से निवास का प्रमाण हैं। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि सरशादीलाल कंपनी ने फार्म को दूसरी कंपनी को बेच दिया है। अब नए प्रबंधन द्वारा उन्हें हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अपने मकानों की मरम्मत तक नहीं करने दी जाती और विरोध करने पर उन पर दबाव डाला जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों के अनुसार, उनके पूर्वजों से संबंधित कुछ पुराने दस्तावेज समय के साथ वापस ले लिए गए थे, जिसके कारण उनके पास स्वामित्व संबंधी अभिलेख नहीं हैं। हालांकि, उनके पास निवास और पहचान से जुड़े कई सरकारी दस्तावेज उपलब्ध हैं, जो उनके लंबे समय से वहां रहने का सुबूत हैं। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने अपील की है कि उन्हें बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उनके घरों से बेदखल न किया जाए। परिवारों ने तहसील प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि पुलिस भी मैनेजरों की जुबान बोलती है।

देहरादून में कान में ईयरफोन लगाने स्टूडेंट की मौत

देहरादून, 3 जून (एजेंसी)। देहरादून में कानों में ईयरफोन लगाने से एक स्टूडेंट की मौत हो गई। घटना नेहरू कॉलोनी के अजबपुर रेलवे फाटक के पास की है। 18 वर्षीय स्टूडेंट ने कानों में लीड (ईयरफोन) लगाई हुई थी जिसके कारण उसे देहरादून से प्रयागराज जा रही ट्रेन की आवाज नहीं सुन सका और उसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अभिनव (18) निवासी देवप्रयाग, जिला टिहरी गढ़वाल के रूप में हुई है। वह अपनी मां के साथ अजबपुर कलां स्थित बैंक कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

भारत स्काउट/गाइड पदाधिकारियों ने किया नवागत डीआईओएस का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 03 जून (बुस.)। भारत स्काउट /गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था मुजफ्फरनगर द्वारा आज नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक हरिकेश यादव का स्वागत किया गया। जिला मुख्य आयुक्त कंचन प्रभा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक हरिकेश यादव का उनके कार्यालय में अभिनंदन करते हुए उनसे औपचारिक भेंट की, जिसमें जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी अमित कुमार सैनी, जिला स्काउट कमिश्नर विजय कुमार शर्मा, जिला गाइड कमिश्नर डॉ. राजेश कुमारी प्रधानाचार्या वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मंडी मुजफ्फरनगर स्काउट गाइड प्रभा दहिया, जिला स्काउट भारत भूषण अरोड़ा, सहायक कमिश्नर रेणु गर्ग, जिला एडल्ट काउंसलर संतोष वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा उपस्थित रहे। इससे पूर्व संस्था अधिकारियों ने प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर उन्हें जनपद में स्काउटिंग गतिविधियों की प्रगति से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन मांगा। प्रदेश मुख्यालय पर नवनियुक्त संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त (विश्वविद्यालय) मयंक शर्मा का बीती शाम वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज में जिला संस्था द्वारा अभिनंदन किया गया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 8778, दिनांक 14/08/2019 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम सारा (SARA) है। पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- लियाकत
ग्राम- मोरना, जिला-मुजफ्फरनगर
मो. 9084153560

बुढ़ाना नगर पंचायत बोर्ड बैठक में 70 विकास कार्यों को मिली मंजूरी

– ईदगाह, कब्रिस्तानों के सौंदर्यीकरण से लेकर श्रावण कांवड़ मेले की तैयारियों पर हुई चर्चा

बुढ़ाना, 03 जून (बु.)। नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में बुधवार को अध्यक्ष उमा त्यागी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से 70 विकास कार्य प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में नगर के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देते हुए ईदगाह, पीर शाह विलायत कब्रिस्तान और कुरैशियों वाले कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा नगरवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्टील बेंच, पार्क, फ्रीजर, लाइट एवं अन्य जनहितकारी कार्यों को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में आगामी श्रावण कांवड़ मेला-2026 को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मेला क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सुझावों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन सहित बोर्ड के सदस्य नियम पंवार, इमरान कुरैशी, सलीम, नसीम, योगेश, विनीत शर्मा, कुनाल कुमार, जोगेंद्र जाटव, उषा, सुनीता, पुष्पा, नूरजहां नाज, साबरा, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष उमा त्यागी ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास, बेहतर मूलभूत सुविधाओं और सभी समुदायों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि बुढ़ाना को एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक नगर बनाया जा सके।

गश्ती तलाश गुमशुदा/अपहृता

संतोषी (6 वर्ष) | रूपा (10 वर्ष)

दो लड़कियाँ- संतोषी उम्र 06 वर्ष व रूपा उम्र 10 वर्ष पुत्री श्री सूरत पुत्र प्रहलाद सिंह (निवासी- ग्राम- तितारसी, थाना- थानाभवन, जिला- शामली) दिनांक-26/12/2025, समय 10:00 बजे, घर बिना बताये कहीं चली गयी हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली हैं। कहीं गुम हो जाने के सम्बंध में तहरीर थाना-थानाभवन पर मु0अ0स0 16/26 धारा 137 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

हुलिया संतोषी- रंग गेहुंआ, आँख-नाक-कान औसत, कद करीब 2 फीट 09 इंच, उम्र करीब 06 वर्ष। पहने कपड़े- गुलाबी रंग की फ्रॉक व पिंक कलर की जर्सी व ग्रे कलर की गर्म पजामी व चप्पल पहने हुए
हुलिया रूपा- रंग गेहुंआ, आँख-नाक-कान औसत, कद करीब 3 फीट 05 इंच, उम्र करीब 10 वर्ष। पहने कपड़े- गुलाबी रंग का कुर्ता, ग्रे कलर की जर्सी व काले रंग का लोवर व चप्पल पहने हुए हैं।

अगर कोई पता चले तो थाना हाजा के निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करने की कृपा करें।
मो0 नं0-9454404085- प्र0नि0 थानाभवन, जनपद-शामली।
मो0 नं0- 7839866140- थाना कार्यालय थानाभवन, जनपद-शामली।
मो0 नं0- 8077215135- उ0नि0 अजय पाल सिंह थाना-थानाभवन, जनपद-शामली।

(अजय पाल सिंह) उ0नि0 थाना थानाभवन, जनपद-शामली
(बिजेन्द्र सिंह रावत) प्रभारी निरीक्षक, थाना-थानाभवन (शामली)

खतौली से युवक लापता, परिजनों ने पुलिस से मदद मांगी

– 21 जून से घर से लापता, पुलिस से लगाई गुहार

खतौली, 03 जून (बु.)। खतौली की नई आबादी से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। फरमान पुत्र शरीफ नामक यह युवक 21 जून 2026 को घर से निकला था और तब से वापस नहीं लौटा है। परिजनों ने उसकी तलाश में पुलिस से मदद मांगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरमान 21 जून को घर से कपड़े लेकर गया था। उसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। युवक का मोबाइल फोन भी संपर्क से बाहर बताया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक, फरमान की लंबाई लगभग 5 फीट 2 इंच है और उसका रंग गेहुआं है। घर से निकलते समय उसने पैंट-शर्ट पहनी हुई थी। बेटे के लापता होने से परिवार बेहद चिंतित है और किसी अनहोनी की आशंका जता रहा है। परिजनों ने खतौली थाना प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर फरमान की जल्द बरामदगी की गुहार लगाई है।

मुख्य द्वार का नाम शहीद भगत सिंह रखा जाए

जानसठ, 03 जून (बु.)। भाजपा से नामित नगर पंचायत के सभासद विशु पाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पोर्टल पर शिकायती-पत्र भेजकर बताया कि पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के दौरान एनएचएआई की ओर से नगर पंचायत के कस्बे के मुख्य द्वार को तुड़वा दिया गया था। इस मुख्य द्वार का निर्माण एनएचएआई की ओर से ही करवाया जाना चाहिए था, एनएचएआई गेट के दोनों पिलर भी बनवा दिए हैं, लेकिन अब इस द्वार का निर्माण नगर पंचायत की ओर करवाया जा रहा है, जिस द्वार का निर्माण एनएचएआई की ओर से किया जाना था। उस द्वार का निर्माण कराने के लिए नगर पंचायत की ओर से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। सभासद ने मुख्यमंत्री से नगर पंचायत की ओर से सरकारी धन के दुरुपयोग करने से रोका जाए। इसके अलावा इस द्वार का नाम शहीद-ए आजम भगत सिंह द्वार रखा जाने की मांग की है।

नीलगाय बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा

मुजफ्फरनगर, 03 जून (बुस.)। कवाल और जानसठ के बीच हाईवे पर आज सुबह एक ट्रक नीलगाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चालक सुरक्षित बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई। सुबह के समय यातायात कम होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, संदीप पुत्र सतपाल (निवासी बड़ौली, पानीपत) अपने ट्रक में प्लास्टिक दाना भरकर पानीपत से काशीपुर जा रहे थे। कवाल और जानसठ के बीच हाईवे पर अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। नीलगाय को बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रक को मोड़ा, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। चालक संदीप को सुरक्षित बाहर निका

काशी में 200 साल पुरानी मस्जिद 22 मिनट में ढहाई : आधी रात 1000 जवान तैनात

वाराणसी, 3 जून (एजेंसी)। वाराणसी में आधी रात प्रशासन ने 200 साल पुरानी अजगैब शहीद मस्जिद को ढहा दिया। महज 22 मिनट में 5 बुलडोजरों ने 42 फीट ऊंची मस्जिद को तोड़ दिया। पूरा मलबा भी रातों-रात ट्रकों में भरकर हटा दिया गया। मंगलवार रात 12 बजे प्रशासन 1000 से अधिक पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचा। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल और एडीसीपी वैभव बांगर ने मस्जिद के चारों ओर बैरिकेडिंग करवाई। लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। इसके बाद बुलडोजर एक्शन शुरू हुआ। प्रशासन का कहना है कि मस्जिद रेलवे की जमीन पर बनी थी। मामला कोर्ट गया था, वहां से फैसला रेलवे के पक्ष में आ चुका है। यहां काशी रेलवे स्टेशन को मॉडल बनाया जा रहा है। इसलिए उसका विस्तार किया जा रहा, इसी वजह से यह कार्रवाई की गई। पुलिस कर्मियों ने बताया कि ट्रैफिक से बचने के लिए रात में कार्रवाई की गई।

गोरखपुर में 2 फर्जी आईएएस, 1 नकली आईपीएस का भंडाफोड़

गोरखपुर, 3 जून (एजेंसी)। गोरखपुर में पुलिस ने दो फर्जी आईएएस और एक नकली आईपीएस के कारनामों का भंडाफोड़ कर उन्हें अलग-अलग मामलों में जेल भेज दिया। इनका ऐसा भौकाल था कि कई बार पुलिसकर्मी भी भ्रमित हो जाते थे। हालांकि, जेल पहुंचने के बाद हत्या और लूट जैसे मामलों में बंद अपराधी उन्हें मजाक में 420 गुरु कहकर बुलाने लगे। जेल पहुंचते ही उनकी हेकड़ी और बड़े सपने दोनों खत्म हो गए। जेल में बंद इन दो फर्जी कब्र और एक नकली आईएएस की कहानी सुनकर दूसरे बंदी भी हैरान रह जाते हैं। बिहार के रहने वाले ललित किशोर ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर करोड़ों रुपये कमाए और चार गर्लफ्रेंड भी बनाई थीं। इतना ही नहीं, एक बार उसने बिहार के एक SDM को थप्पड़ तक मार दिया था। हालांकि, सामने वाले ने उसे आईपीएस अधिकारी समझकर इसकी शिकायत नहीं की थी। इटावा के प्रीतम कुमार निषाद ने फर्जी आईपीएस अधिकारी बनकर कई चैनलों पर इंटरव्यू दिए थे। उसने लोगों को झांसे में लेकर गोरखपुर के एक संपन्न परिवार की लड़की से शादी भी कर ली थी। गोरखपुर यूनिवर्सिटी के कर्मचारी शनि वर्मा ने भी कुछ ऐसा ही कारनामा किया था। गलत गतिविधियों के चलते वह यूनिवर्सिटी से निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद उसने खुद को IPS अधिकारी बताकर व्यापारियों से रंगदारी मांगनी शुरू कर दी। वह बाकायदा आईपीएस की वर्दी पहनकर फोटो और स्टेटस भी लगाता था। एक व्यापारी ने उसे असली आईपीएस अधिकारी समझकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की। जांच में सामने आया कि वह यूनिवर्सिटी का निलंबित कर्मचारी था।

डीके शिवकुमार कर्नाटक सीएम बने, संविधान हाथ में लेकर शपथ

बेंगलुरु, 3 जून (एजेंसी)। डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की

शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए

जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने; सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे।

मौत के 4 महीने बाद होगा खामनेई का अंतिम संस्कार

तेहरान, 3 जून (एजेंसी)। ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के लगभग चार महीने बाद उन्हें दफनाया जाएगा। खामेनेई को उनकी अंतिम इच्छा के मुताबिक मशहद शहर में शिया इस्लाम के चर्चित इमाम रजा के पवित्र दरगाह परिसर के पास दफनाया

जाएगा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुताबिक खामेनेई को 21 जून के आसपास आखिरी विदाई दी जा सकती है। 28 फरवरी को तेहरान में उनके आवास पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में उनकी मौत हो गई थी। उनका राजकीय अंतिम संस्कार पहले 4 मार्च को होने वाला था, लेकिन युद्ध की वजह से इसे टाल दिया गया था। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। लोगों को अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे तीन दिन निर्धारित किए गए हैं।

अहमदाबाद में 166 बांग्लादेशी पकड़े गए : 300 से ज्यादा हिरासत में

अहमदाबाद, 3 जून (एजेंसी)। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के तीन इलाकों से 300 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जांच में 166 बांग्लादेशी पाए गए हैं, जबकि अन्य संदिग्धों के डॉक्यूमेंट्स की जांच की जा रही है। 2 जून की रात चलाए गए अभियान में अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चंडोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर क्षेत्रों में कार्रवाई की थी। हिरासत में लिए गए सभी लोगों को क्राइम ब्रांच कैंपस में रखा गया है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि चंदोला इलाके में लगातार चल रहे अभियानों के कारण बड़ी संख्या में अवैध निवासी एक जगह टिकने से बच रहे हैं। वे पहचान बदलकर शहर के अलग-अलग इलाकों में किराए के मकानों, झुग्गी-झोपड़ियों, होटलों, कामगार आवासों और व्यावसायिक स्थानों में रह रहे हैं। इसलिए पूरे शहर में एक साथ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध प्रवासियों को पकड़ने की कार्रवाई लंबी चलने वाली है।

प्रधानों को प्रशासक बनाने पर योगी सरकार से जवाब मांगा

लखनऊ, 3 जून (एजेंसी)। यूपी में प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। लखनऊ बेंच ने मंगलवार को योगी सरकार से जवाब तलब किया है। 3 जून को फिर मामले की सुनवाई होगी। जज शेखर बी सराफ और अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने यह आदेश ओमप्रकाश प्रजापति की जनहित याचिका पर शुरूआती सुनवाई के बाद दिया। याचिकाकर्ता ने सरकार के आदेश को कानून की मंशा के

हाईकोर्ट में याचिका, दावा- कार्यकाल खत्म होने पर अधिकार नहीं मिल सकते

खिलाफ कहकर चुनौती दी है। ओमप्रकाश के वकील अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया, अदालत ने इस मामले में पेश हुए सरकारी वकील को राज्य सरकार से निर्देश (जानकारी) लेकर बुधवार को अपना पक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने लखनऊ बेंच में दाखिल अपनी याचिका में सरकार के आदेश को नियमों के खिलाफ बताया। याचिकाकर्ता ओमप्रकाश का तर्क है कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा 12(3) (क) के अनुसार, ग्राम प्रधान का कार्यकाल शपथ ग्रहण की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष का ही हो सकता है। ऐसे में समय पर पंचायत चुनाव न कराकर मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक बनाए रखना उनके कार्यकाल को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ाने के समान है, जो कानून की मंशा के विपरीत है। ओमप्रकाश ने कहा कि पहले जब पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाते थे, तो ग्राम पंचायतों के संचालन के लिए एडीओ पंचायत या अन्य सरकारी अधिकारियों को प्रशासक नियुक्त किया जाता था। इस बार भी किसी सक्षम सरकारी अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाना चाहिए, न कि उन ग्राम प्रधानों को जिनका वैधानिक कार्यकाल समाप्त हो चुका है। यूपी की सभी 57 हजार 694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को खत्म हो गया। इससे एक दिन पहले 25 मई को योगी सरकार ने यूपी में पंचायत चुनाव होने या अगले 6 महीने तक ग्राम प्रधानों को प्रशासक बना दिया। आदेश में कहा गया था कि प्रशासक यानी ग्राम प्रधान अपने स्तर पर कोई बड़ा या नीति से जुड़ा फैसला नहीं ले सकेगा। अगर किसी जरूरी या विशेष स्थिति में ऐसा फैसला लेना जरूरी हो, तो उसका प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी के जरिए जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। जिलाधिकारी की मंजूरी मिलने के बाद ही उस पर फैसला लिया जाएगा। 2021 में भी पंचायत चुनाव अपने तय समय से करीब 3 महीने देर से हुए थे। दरअसल, 2015 में अक्टूबर से दिसंबर के बीच पंचायत चुनाव कराए गए थे। इसके बाद नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों की पहली बैठक 26 जनवरी, 2016 को हुई थी। इस हिसाब से प्रधानों का कार्यकाल 26 जनवरी, 2021 को खत्म हो रहा था। हालांकि, कोविड महामारी और वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन समय पर न होने की वजह से अप्रैल, 2021 में चार चरणों में पंचायत चुनाव हुए। तीन महीने की अवधि के लिए सहायक विकास अधिकारी या खंड विकास अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया गया था। जबकि साल 2000 में पंचायत चुनाव करीब 2 महीने देरी से हुए थे। तब भी अधिकारियों को प्रशासक बनाया गया था। योगी सरकार ने इस बार राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की तर्ज पर ग्राम प्रधानों को ही जिम्मेदारी देने की व्यवस्था बनाई।

गाजियाबाद में सूर्या की हत्या करने वाला 5वां आरोपी अरेस्ट: बुलडोजर से मदरसा ढहाया

सीएम बोले- 1.23 करोड़ की रिकवरी भी होगी

गाजियाबाद, 3 जून (एजेंसी)। सूर्या चौहान की हत्या में शामिल 5वें आरोपी सारिक मेवाती को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वह 6 दिन से फरार था। आरोपी सारिक नवनीत विहार, खोड़ा का रहने वाला है। पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम रखा था। प्रशासन ने बुधवार को खोड़ा से करीब 15 किलोमीटर दूर मसूरी क्षेत्र में बुलडोजर चलाकर मदरसा जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम को गिरा दिया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया- मसूरी में लगभग 5 हेक्टेयर सरकारी भूमि दर्ज है। इसमें करीब 1 हेक्टेयर भूमि पर मदरसा नबिया इस्लाम ने अवैध कब्जा कर लिया था। 5 बुलडोजर लगाकर कब्जे वाली जमीन पर सात कमरे और अन्य निर्माण ढहा दिए गए। मदरसा संचालक से 1 करोड़ 23 लाख की रिकवरी की जाएगी।

अंधेरे में डूबी गांधी कॉलोनी व पचेंडा रोड की कॉलोनियां

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। आज फिर पचेंडा रोड पर बड़े फाल्ट के चलते गांधी कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, सुभाषनगर, बचन सिंह कॉलोनी, अंकित विहार समेत तमाम इलाकों में कई घंटे बिजली गायब रहने से अंधेरा छा गया। इसके चलते लोग गर्मी में बिलबिला उठे। नगर में बिजली विभाग व्यवस्था को बनाए रखने में विफल साबित हो रहा है। आंधी तूफान में तो बिजली जाने का

मतलब समाा जा सकता है, लेकिन बिना आंधी के भी बिजली जा सकती है। आज गढ़ी पचेंडा और गांधी कॉलोनी बिजली घर से जुड़े तमाम इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। इससे अंधेरा छा गया और लोग गर्मी में बिलबिला उठे। विभागी सूत्रों के अनुसार पचेंडा रोड पर एक पब्लिक स्कूल के पास 33 केवी का कंडक्टर खराब हो जाने के कारण आपूर्ति बाधित हुई। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर फाल्ट ठीक किया। इस दौरान करीब तीन घंटे से अधिक समय तक आपूर्ति ठप्प रही।

एनसीआर से हटेंगे पुराने ट्रक-बस: ईवी खरीद पर लाभ

नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर को वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में चल रहे सभी पुराने ट्रक और बसों को हटाया जाएगा, साथ ही उसकी जगह बीएस-6 और इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत ट्रक व बसों के मालिकों को अलग-अलग तरीके से प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसमें उन्हें पांच साल के ऋण पर पांच प्रतिशत की सब्सिडी, मासिक ईंधन वाउचर आदि दिया जाएगा। वहीं राज्य सरकारें भी वाहन के रजिस्ट्रेशन शुल्क को माफ करने सहित नए वाहनों पर शत-प्रतिशत तक और पुराने वाहनों पर पचास प्रतिशत तक के मोटर वाहन कर में छूट भी प्रदान करेंगी। वहीं वाहन कंपनियां भी इस योजना से जुड़ने वाले वाहनों मालिकों को एक्स शोरूम कीमतों पर आठ प्रतिशत की छूट प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुए केंद्रीय कैबिनेट की अहम बैठक में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए यह निर्णय लिया गया। कैबिनेट में दिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दो साल की इस योजना के लिए कुल 9585 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है। इनमें 5041 करोड़ केंद्र सरकार देगी, जबकि कर छूट के रूप में 1601 करोड़ रुपए राज्य सरकारें प्रदान करेंगीं। वहीं बाकी करीब 2943 करोड़ की राशि वाहन निमार्ता कंपनियों की ओर से दी जाने वाले छूट के रूप में खर्च होगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत दिल्ली-एनसीआर की 1.91लाख ट्रक और 16,329 बसों को लाभ मिलेगी। इनके मालियों के पास यह विकल्प रहेगा, कि वह अपने पुराने वाहन को स्क्रैप या फिर ऐसे राज्यों में बेंच सकेंगे, जहां पुराने वाहनों के संचालन पर कोई रोक नहीं है। सरकार ने दिल्ली-एनसीआर से पुराने वाहनों को हटाने के लिए यह फैसला तब लिया है, जब दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में वाहनों से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 36 प्रतिशत से अधिक है। यह स्थिति तब है जब दिल्ली -एनसीआर में चलने वाले कुल वाहनों में ऐसे वाहनों की संख्या सिर्फ तीन प्रतिशत की है। सरकार का दावा है कि पुराने वाहनों के बीएस-6 या फिर इलेक्ट्रिक वाहनों में तब्दील हो जाने से वाहन से होने वाली प्रदूषण में काफी कमी आने की उम्मीद है। वैसे भी एक बीएस-4 वाहन की बीएस-6 वाहनों की तुलना में 2.7 गुना अधिक उत्सर्जन करता है।

इस योजना से मिलेंगे लाभ

नए वाहनों को खरीदने पर केंद्र सरकार पांच साल के लिए ऋण पर ब्याज में पांच प्रतिशत की सब्सिडी, वाहन की श्रेणी के आधार पर 4,800 रुपये तक के मासिक ईंधन वाउचर देगी। राज्य सरकारें पंजीकरण शुल्क माफ करेंगी और नए वाहनों पर शत-प्रतिशत व पुराने वाहनों पर 50 प्रतिशत तक मोटर वाहन कर में छूट प्रदान करेंगी। यह छूट 10 वर्षों के लिए लागू होगी। राज्य सरकार योजना में शामिल पुराने वाहनों पर लंबित देनदारियों को भी माफ कर देगी। योजना में शामिल होने वाहन स्वामियों को ऑटो निर्माता कंपनियां एक्स-शोरूम कीमतों पर आठ प्रतिशत की छूट प्रदान करेगी। योजना पर अमल पूरी तरह से डिजिटल होगा। इसके लिए जल्द ही एक एकीकृत पोर्टल बनाया जाएगा, जो वास्तविक समय में पात्रता की जांच, स्वचालित ब्याज सब्सिडी दावों, मासिक ईंधन वाउचर क्रेडिट और प्रदूषण में कमी के परिणामों की निगरानी को सक्षम करेगा। केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले लाभ नए वाहन के पंजीकरण की तारीख से 5 वर्षों तक जारी रहेंगे, जिससे दो साल की नामांकन अवधि के बाद भी इसका निरंतर प्रभाव सुनिश्चित होगा। इस योजना के अमल पर भी सरकर नजर रखेगी। इसकी निगरानी के लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक अधिकार प्राप्त समिति गठित होगी। इसमें नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गृह मंत्रालय, कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्रालय, प्रदूषण नियंत्रण मंत्रालय, राज्य सुरक्षा मंत्रालय के सचिव, दिल्ली-एनसीआर के राज्यों के मुख्य सचिव सदस्य होंगे और एनसीआरपीबी के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। जिला स्तर पर डीएम इस योजना को लागू करेंगे और इसकी निगरानी करेंगे।

पुलिस मुठभेड़ में गौकश दबोचा

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा मुठभेड़ में एक शातिर गौकश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में एक मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद किए गए हैं। थाना रतनपुरी पुलिस टीम द्वारा नंगला रियावली से पिटलोखर की ओर जाने वाले रास्ते पर चौराहे पर चैकिंग के दौरान मुठभेड़ में एक बदमाश गैंदा उर्फ रहीस पुत्र जला उर्फ अब्दुल रहीम को घायल होने के बाद गिरफ्तार किया गया है। उसके मोटरसाइकिल तथा एक तमंचा मय एक जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शातिर गौकश प्रवृत्ति का अपराधी है।

कड़ी सुरक्षा के बीच टीजीटी परीक्षा संपन्न, डीएम व एसएसपी ने किया भ्रमण

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। नगर में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गई। परीक्षा के चलते आज डीएम और एसएसपी समेत पूरा अमला जुटा रहा। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित यह परीक्षा 3 और 4 जून को जनपद के 12 केंद्रों पर दो-दो पालियों में हो रही है। नगर में टीजीटी परीक्षा के पहले दिन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, डीएम और एसएसपी ने अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था और कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त न करने के स्पष्ट निर्देश दिए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, पर्याप्त पुलिस बल और कड़ी निगरानी व्यवस्था तैनात की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है। केंद्रों के बाहर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही, यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखें। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। प्रशासन ने दावा किया है कि दो दिन चलने वाली इस परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

यूपी टीजीटी की परीक्षा में बरेली में पकड़ा गया सॉल्वर

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, 3 जून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षा के दौरान बरेली में एक फर्जी सॉल्वर पकड़ा गया है। पकड़ा गया आरोपी प्रमोद कुमार, आजमगढ़ का रहने वाला है। वह फरुखाबाद निवासी अभ्यर्थी विमल कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इस फजीवाड़े के लिए दोनों के बीच डेढ़ लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। इसी बीच टीजीटी परीक्षा की पहली पाली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया- इस बार का पेपर पिछली भर्ती परीक्षा की तुलना में थोड़ा अधिक कठिन था, लेकिन कुल मिलाकर ठीक रहा। बस पेपर लीक ना हो। 4 साल के लंबे इंतजार के बाद टीजीटी परीक्षा कराई जा रही है। प्रदेश के 36 जिलों में 614 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 3539 पदों के लिए 868531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर कड़ी सुरक्षा के बीच भेजा जा रहा है। अभ्यर्थियों के मेटल डिटेक्टर से स्कैनिंग के साथ रेटिना की स्कैनिंग की जा रही है। गोरखपुर में अभ्यर्थियों के रूमाल का झड़वाकर चेक किया गया। जूते उतरवाए गए। वहीं महिला अभ्यर्थियों के कानों की बाली और बालों के जुड़े खुलवाकर चेक किए गए।

अवैध सम्बन्ध बनाए और फिर पत्नी को ले गया : किसान नेता पर आरोप

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। प्रेम विवाह करने वाली पत्नी के एक किसान नेता से अवैध संबंधों को लेकर पति ने पुलिस से शिकायत करते हुए न्याय की मांग की है। उसका कहना है कि उसके पुलिस से शिकायत करने पर उसके ससुराल वाले व उसकी पत्नी के आशिक ने उसके साथ गाली गलौज की और दो छोटे बच्चों को उसके पास छोड़ पत्नी को ले गए। उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। न्याजुपुरा निवासी अजीम पुत्र शमीम अहमद ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि लगभग चार वर्ष पूर्व जैनव पुत्री रहीश निवासी थानाभवन के साथ उसका प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद तक उसकी पत्नी ठीक रही, लेकिन इसके बाद उसका संपर्क ग्राम तावली, थाना शाहपुर निवासी एक व्यक्ति से हो गया। वह स्वयं को किसान नेता बताता है। वह मजदूरी के कार्य से अक्सर बाहर रहता था और उसकी गैरमौजूदगी में उसकी पत्नी कई-कई घंटे घर से बाहर रहती थी तथा फारूक के साथ उसके संबंध की जानकारी उसे लगातार मिलती रही। उसके दो छोटे बच्चे हैं। उसने कई बार अपनी पत्नी जैनब तथा फारूक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन दोनों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद वह अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को साथ लेकर नरेला, दिल्ली चला गया तथा वहां किराये के मकान में रहने लगा। वहां भी फारूक का उसकी पत्नी से संपर्क बना रहा। 9 मई को उसकी पत्नी दोनों छोटे बच्चों को घर पर अकेला छोड़कर सारा दिन गायब रही। उस समय वह मजदूरी के कार्य से मुंबई में था। पड़ोसियों द्वारा उसे तथा डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई कि दोनों बच्चे घर में अकेले हैं और उनकी मां घर से गायब है। सूचना मिलने पर वह मुंबई से नरेला, दिल्ली पहुंचा तथा स्थानीय पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस द्वारा मेरे ससुराल पक्ष के लोगों को थाने बुलाया गया। इसके बाद उसके ससुर, सास, साले और फारूक तथा उसके अन्य अज्ञात साथी ने उसके घर पर पहुंच कर उसके साथ गाली-गलौज की तथा मुझे जान से मारने एवं किसी झूठे अपराधिक मुकदमे में फंसाने की धमकी दी तथा बच्चों को छोड़कर उसकी पत्नी को अपने साथ ले गए। उसके बाद वह अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर दिल्ली से मुजफ्फरनगर वापस आया। अब बच्चों की देखभाल उसकी बहन एवं माता कर रही है। उसने आशंका जताई है कि उसे किसी झूठे मुकदमे में भी फंसाया जा सकता है।

कड़क धूप ने फिर कराया गर्मी का अहसास: पारी 35 डिग्री

मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। मौसम में गर्माहट फिर तेज होने लगी है। धूप खिलने के बाद आज दिन खासा गर्म रहा और तापमान बढ़कर अधिकतम 35.0 और न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग आंधी बारिश का अलर्ट तो जारी कर रहा है, लेकिन अभी तक इसका असर पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ ही दिख रहा है। नगर में पारा एक एक कदम बढ़ रहा है। आज फिर दिन भर कड़क धूप के बीच तापमान 35 डिग्री पर चला गया। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित देश के 17 राज्यों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। मानसून की इस दस्तक के बीच, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र के कारण उत्तर, पूर्व और मध्य भारत के मौसम में भारी उथल-पुथल शुरू हो गई है। बिहार में भीषण लू का कहर जारी रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण पहाड़ी से लेकर मैदानी राज्यों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में सुबह से आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दोपहर या शाम को धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक आज 50 से 70 किमी/घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं और हल्की बारिश का अनुमान है। उत्तर प्रदेश के जिलों में गरज-चमक के साथ तेज आंधी (50-60 किमी/घंटा) और बौछारें पड़ने की चेतावनी है। वहीं, पूर्वी हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क और गर्म रहेगा, हालांकि कुछ स्थानों पर धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, उत्तराखंड के कई जिलों में आज बिजली कड़कने, तेज हवाएं चलने और मध्यम बारिश का अनुमान लगाया गया है। पर्यटकों को पहाड़ी रास्तों पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

मेरठ के मवाना में ईडी की बड़ी छापेमारी

मेरठ, 3 जून (एजेंसी)। मवाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। टीम अचानक गांव सांदन पहुंची और शुभम पुत्र सनवीर के घर पर जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक, ईडी को जानकारी मिली थी कि शुभम ऑनलाइन गेमिंग के जरिए विदेशों से पैसे कमा रहा है और उसे विदेशी फंडिंग भी मिल रही है। इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल ईडी की टीम गांव में ही मौजूद है और शुभम के घर से जुड़े दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और डिजिटल डेटा की गहन जांच कर रही है। कार्रवाई को लेकर पूरे इलाके में हलचल है। ग्रामीणों के अनुसार, शुभम कथित तौर पर थाईलैंड और दुबई जैसे देशों से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग नेटवर्क के जरिए कमाई करता था। चर्चा यह भी है कि वह तीन दिन पहले ही थाईलैंड से वापस आया था। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि मवाना के खातोली चौक स्थित मोहल्ला खैरात अली निवासी राजा जैदी पुत्र असद भी इस नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। आरोप है कि वह शुभम के साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग का काम करता था। ईडी अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

यूपी के सरकारी वकीलों की फीस में की 50 % तक बढ़ोतरी

लखनऊ, 3 जून (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 24 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। केवल परिवहन विभाग से जुड़ा एक प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। बैठक में शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने और विधि अधिकारियों के मानदेय में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इस बैठक में किसानों, परिवहन व्यवस्था, न्यायिक क्षेत्र और जेल प्रशासन से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। प्रदेश के 17 नगर निगमों तथा नोएडा क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने के लिए 1725 नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को मंजूरी दी है। इनमें 9 मीटर लंबाई की 725 और 12 मीटर लंबाई की 1000 बसें शामिल होंगी। वर्तमान में 733 ई-बसें संचालित हैं। नई बसों के संचालन से शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ नगरों की परिधि में आने वाले क्षेत्रों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। इस योजना के तहत जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को भी सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। परियोजना के संचालन के लिए विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) और कंपनियों का गठन किया गया है। योजना पर कुल 1852 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें सरकार पर 653 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा, जबकि शेष निवेश ऑपरेटर द्वारा किया जाएगा। बस संचालन में किराए और बोली राशि के बीच के अंतर की भरपाई सरकार करेगी। साथ ही बसों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा भी सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

मानदेय में भी बढ़ोतरी को मंजूरी दी

इसके अलावा राज्य के विधि अधिकारियों की फीस और मानदेय में भी बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई। जिला शासकीय अधिवक्